IPS ACADEMY

THE KNOWLEDGE KINGDOM

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

तारीख: ३० जनवरी, २०२४

महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर, हम सभी एक साथ आए हैं ताकि हम उनके आदर्शों की महत्ता को समझ सकें और उनके साथी बन सकें। **आइ.पी.एस. अकादमी कालेज आफ लॉ (विधि महाविद्यालय) सांवेर,** की प्राचार्या श्रीमती डॉ. सरिता मेहरा एवं विधि विभाग प्रमुख प्रोफेसर श्री सजल बी सक्सेना जी और असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सुप्रीत मोदी के मार्गदर्शन में विधि संकाय प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं ने सत्याग्रह के पिता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो हमारी आज़ादी के महान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक प्रयास था। यह प्रतियोगिता गांधी जी के विचारों, उनके जीवन, और उनके योगदान को समझने और मानने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा है। विद्यार्थियों ने गांधी जी के विचारों और उनके जीवन का अध्ययन करके अपने निबंधों में उनके महत्व को व्यक्त किया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य यह है कि हम गांधी जी के विचारों को आज के समय में अपनाकर समाज में सदभाव, अहिंसा, और सामर्थ्य की भावना को बढ़ावा दें।

आइए, हम सभी मिलकर गांधी जी के आदर्शों को अपनी ज़िन्दगी में अमल में लाने का संकल्प करें और एक सशक्त, समृद्ध भविष्य की दिशा में कदम से कदम मिलाकर बढ़ें। **आई.पी.एस अकादमी के प्रेसिडेंट आर्किटेक्ट श्री अचल चौधरी जी** ने महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉ. सरिता मेहरा एवं विधि विभाग प्रमुख प्रोफेसर श्री सजल बी सक्सेना एवं समस्त शिक्षकगण को इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

धन्यवाद!



COLLEGE OF LAW, SANWER
(Approved by BCI - New Delhi, Higher Education - MP & Affiliated to DAVV, Indore)
Ujjain - Indore Road, Barodiya Khan, Sanwer, Pin-453551 (MP), INDIA
Call : 6262604161, Email : sanwer.lawoffice@ipsacademy.org, Website : www.ipsacademycampus-2sanwer.org